सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 फाल्गुन 7, गुरुवार, शाके 1947–फरवरी 26, 2026 अंक 48
Vol. 77 Phalguna 7, Thursday, Saka 1947–February 26 , 2026 No. 48

भाग 7
विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं, रामेश्वरी देवी पत्नी श्री चुन्नाराम जाति जाट आयु 61 साल निवासी बान्डोलार्द की ढाणी कोलिया, तहसील डीडवाना जिला डीडवाना–कुचामन शपथपूर्वक बयान करती हूँ किः–

1. यह है कि मै उक्त पते पर अपने परिवार सहित स्थायी रूप से निवास करती हूँ।
2. यह है कि मेरा नाम रामेश्वरी देवी हे तथा मेरे समुदत सरकारी दस्तावेज, आधार कार्ड, जन–आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि में भी मेरा नाम रामेश्वरी देवी (RAMESHWARI DEVI) दर्ज है जो कि मेरा सही व वास्तविक नाम है इसी नाम से मुझे जाना व पहचाना जाता है।
3. यह है कि मेरे पति भारतीय वायु सेना से सेवा निवृत्त है जिनके सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम झणकारी देवी (JHANKARE DEVI) दर्ज है जो कि मेरा घर पर बोलता नाम है।
4. यह है कि रामेश्वरी देवी (RAMESHWARI DEVI) एवं झणकारी देवी (JHANKARE DEVI) दोनो नाम मेरे स्वयं के ही है।
5. यह है कि अब मैं मेरे पति के भारतीय वायु सेना के रिकॉर्ड में मेरा सही व वास्तविक नाम रामेश्वरी देवी (RAMESHWARI DEVI) दर्ज करवाना चाहती हूं।
6. यह है कि शपथ पत्र में मेरा सही व वास्तविक नाम रामेश्वरी देवी (RAMESHWARI DEVI) होने के संबंध राजस्थान राजपत्र में इसका प्रकाशन कराने के लिए प्रस्तुत कर रही हूं।

अ.नि.
रामेश्वरी
शपथग्रहीता

सत्यापन

मैं, रामेश्वरी देवी उपरोक्त शपथ ग्रहिता सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित मद संख्या 1 लगायत 6 मेरे निजी ज्ञान और विश्वास में सही व सत्य है। कोई तथ्य मिथ्यांकन अथवा छिपाया नही गया है।

अ.नि.
रामेश्वरी
शपथग्रहीता

ATTESTED
PRADEEP KUMAR
02-02-2026
NOTARY (GOVT. OF RAJASTHAN)
DIDWANA (RAJASTHAN).
33415

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।